www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET 2013 December Paper 2 Shift 1 Psychology Question Paper

# PAPER-II
# PSYCHOLOGY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________
   (Name) ______________________________
2. (Signature) ___________________________
   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.___________________________________
(In words)

**D 0 4 1 3**

Time : 1 ¼ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

prepp
Your Personal Exams Guide

# PSYCHOLOGY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** The visible spectrum wavelength ranges from
(A) 380 to 760 nanometres
(B) 200 to 700 nanometres
(C) 400 to 1000 nanometres
(D) 100 to 1000 nanometres

**2.** Shyam does not like to be in family gatherings but his mother has asked him to attend it. He decides to tell a lie that he has examination on that day however he finds it very distasteful. Shyam is experiencing _____.
(A) Double avoidance conflict
(B) Double approach conflict
(C) Approach-avoidance conflict
(D) Double approach-double avoidance conflict

**3.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Indicate your answer using the code given below :

**Assertion (A) :** Computational approach involves a rigorous, mathematically oriented analysis of certain aspects of visual perception derived largely from computer simulation and artificial intelligence.

**Reason (R) :** Neurophysiological approach argues that sensory and perceptual phenomena are best explained by known neural and physiological mechanisms serving sensory structures.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**4.** Having seen or heard a stimulus once may facilitate our recognizing it on a latter occasion, even if we are not aware that this is happening. This phenomena is referred to as
(A) Primacy effect
(B) Recency effect
(C) Practice effect
(D) Priming effect

**5.** Given below are the two statements, the first labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** Naturalistic observation is the highly preferred method in ethological research.

**Reason (R) :** Naturalistic observation is free from observer-bias.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation.
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**6.** There are various kinds of cells in human body. Which one of the following is not a neuron ?
(A) Sensory
(B) Glia
(C) Inter
(D) Motor

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

# मनोविज्ञान

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. दृश्यमान स्पेक्ट्रम की तरंगदीर्घता की परास क्या है ?
   (A) 380 से 760 नेनोमीटर तक
   (B) 200 से 700 नेनोमीटर तक
   (C) 400 से 1000 नेनोमीटर तक
   (D) 100 से 1000 नेनोमीटर तक

2. श्याम पारिवारिक समूहनों में रहना पसन्द नहीं करता है परन्तु उसकी माँ उसे इसमें आने के लिये कहती है । वह झूठ बोलने का फैसला करता है कि उस दिन उसकी परीक्षा है परन्तु उसे यह बहुत अप्रिय लगती है । श्याम क्या अनुभव कर रहा है ?
   (A) दोहरा परिहार द्वंद
   (B) दोहरा एप्रोच (उपागमन) द्वंद
   (C) एप्रोच (उपागमन) - परिहार द्वंद
   (D) दोहरा एप्रोच - दोहरा परिहार द्वंद

3. नीचे दो कथन दिये गये हैं, पहले को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये कोडों की सहायता से अपना उत्तर बताइये ।
   **अभिकथन** (A) : गणनात्मक उपागम में कम्प्यूटर अनुकार एवं कृत्रिम बुद्धि से अधिकांशत: व्युत्पन्न दृष्टि प्रत्यक्षीकरण के कुछ पहलूओं का सटीक एवं गणितोन्मुखी विश्लेषण शामिल है ।
   **तर्क** (R) : तंत्रिका-शारीरिक उपागम तर्क करता है कि संवेदी एवं प्रत्यक्षपरक परिदृश्य की सर्वोत्तम व्याख्या संवेदी संरचनाओं के लिये कार्य कर रही ज्ञात तंत्रिका एवं शारीरिक क्रियाविधियों द्वारा होती है ।
   **कोड** :
   (A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
   (B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
   (C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
   (D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

4. उद्दीपक को एक बार देख लेना या सुनना बाद में किसी अवसर पर उसे पहचान लेना सुलभ बना सकता है, चाहे हम इससे जागरुक न हों कि यह घटित हो रहा है । यह परिघटना क्या कहलाती है ?
   (A) प्राइमेसी (प्रारम्भिक) प्रभाव
   (B) रीसेंसी (तत्कालिक) प्रभाव
   (C) अभ्यास प्रभाव
   (D) प्राइमिंग प्रभाव (प्राथमिक प्रभाव)

5. नीचे दो कथन दिये गये हैं, पहले को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये कोडों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये ।
   **अभिकथन** (A) : आचारशास्त्रीय शोध में प्राकृतिक अवलोकन सर्वाधिक प्रिय पद्धति है ।
   **तर्क** (R) : प्राकृतिक अवलोकन प्रेक्षक के पूर्वाग्रह से मुक्त होता है ।
   **कोड** :
   (A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
   (B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
   (C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
   (D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

6. मानव देह में विभिन्न प्रकार की कोशिकाएँ होती है । निम्नलिखित में से कौन सी न्यूरोन नहीं है ?
   (A) संवेदी
   (B) ज्लाया
   (C) इंटर
   (D) मोटर

7. Given below are two statements, the first labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** During action potential, there is change in polarization of ions across neuronal membrane.

**Reason (R) :** All the negative ions are transported outside the neuronal membrane.

**Codes :**

(A) Both (A) & (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) & (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

8. Individual differences in intelligence are due to
(A) only genetic factors
(B) only environmental factors
(C) genetic and economic factors
(D) many factors including genetic and environmental

9. Put the parts of the Brain in sequence, going from higher to lower level of brain
I. Metencephalon
II. Mesencephalon
III. Diancephalon
IV. Telencephalon
V. Myelencephalon

**Codes :**
(A) I, II, III, IV, V
(B) II, IV, I, III, V
(C) IV, III, II, I, V
(D) III, II, I, V, IV

10. Arrange the following layers of Retina in order of light travelling from environment to back of the eyeball :
I. Ganglion cells
II. Cone receptors
III. Horizontal cells
IV. Bipolar cells

**Codes :**
(A) I, II, III, IV (B) II, III, IV, I
(C) IV, II, III, I (D) I, IV, III, II

11. The resting potential of a Neuron is
(A) – 95 mv (B) + 85 mv
(C) – 70 mv (D) + 70 mv

12. The chi-square, computed for a contingency table, was based on six degrees of freedom. If the contingency table had three rows, how many columns would it have ?
(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 6

13. Given below are two statements, the first labelled as Assertion (A) and the second labelled as Reason (R). Indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** Test-Retest reliability of Psychometric tests is more than that of projective tests.

**Reason (R) :** Trait approach presumes consistency of personality.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

14. Match List – I with List – II and indicate your answer with the help of codes given below :

| **List – I (Measure of Intelligence)** | **List – II (Psychologist)** |
|---|---|
| p. EEG | 1. Binet |
| q. Reaction Time | 2. Eysenck |
| r. Culture Fair Test | 3. Galton |
| s. Verbal Test | 4. Horn |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

15. After the recent heavy catastrophic floods in a given state, a psychologist interviewed 120 participants to understand the psychological consequences of the event. This is an example of
(A) Ex post facto field research
(B) Field experiment
(C) Controlled experiment
(D) Psychometric research

**7.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, पहले को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये कोडों की सहायता से अपना उत्तर बताइये ।

**अभिकथन** (A) : क्रिया विभव के दौरान तंत्रिका झिल्ली के आर-पार आयनों के ध्रुवीकरण में परिवर्तन हो जाता है ।

**तर्क** (R) : तमाम नकारात्मक आयन्स तंत्रिका झिल्ली के बाहर ले जाये जाते हैं ।

**कोड** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**8.** बुद्धि में वैयक्तिक भिन्नताएँ किस कारण होती है ?

(A) केवल जैविक कारक
(B) केवल वातावरणीय कारक
(C) जैविक एवं आर्थिक कारक
(D) जैविक तथा वातावरणीय कारकों समेत बहुत से कारक

**9.** मस्तिष्क के भागों को ऊपर से नीचे के स्तर के अनुसार अनुक्रम में रखिये :

I. मैटेंसीफेलोन
II. मैसेंसीफेलोन
III. डायेंसीफेलोन
IV. टेलेंसीफेलोन
V. मायलेनसीफेलोन

**कोड** :

(A) I, II, III, IV, V
(B) II, IV, I, III, V
(C) IV, III, II, I, V
(D) III, II, I, V, IV

**10.** रेटीना (दृष्टिपटल) की निम्नलिखित परतों को, प्रकाश के वातावरण से चलते हुए आइबॉल के पीछे आने के क्रम में व्यवस्थित कीजिये :

I. गैंगलिअन कोशिकाएँ
II. शंकु संग्राहक
III. क्षैतिज कोशिकाएँ
IV. द्विध्रुवी कोशिकाएँ

**कोड** :

(A) I, II, III, IV (B) II, III, IV, I
(C) IV, II, III, I (D) I, IV, III, II

**11.** न्यूरोन का विश्राम विभव है

(A) – 95 mv (B) + 85 mv
(C) – 70 mv (D) + 70 mv

**12.** आकस्मिकता तालिका के लिये परिकलित काई स्क्वैयर छ: डिग्री ऑफ फ्रीडम पर आधारित था । यदि आकस्मिकता तालिका की तीन पंक्तियाँ होती, तो उसमें कितने स्तम्भ होते ?

(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 6

**13.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, पहले को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये कोडों की सहायता से अपना उत्तर बताइये ।

**अभिकथन** (A) : मनोमित्ति परीक्षणों की परीक्षण-पुन:परीक्षण विश्वसनीयता प्रक्षेपणीय परीक्षणों से ज्यादा है ।

**तर्क** (R) : शीलगुण उपागम व्यक्तित्व की संगतता को मान कर चलता है ।

**कोड** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**14.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिये कोडों की सहायता से अपना उत्तर दीजिये :

| **सूची – I (बुद्धि के मापक)** | **सूची – II (मनोवैज्ञानिक)** |
|---|---|
| p. EEG | 1. बिनेट |
| q. प्रतिक्रिया समय | 2. आइसैंक |
| r. कल्चर फेयर परीक्षण | 3. गाल्टन |
| s. मौखिक परीक्षण | 4. होर्न |

**कोड :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**15.** राज्य में हाल ही की भीषण विनाशकारी बाढ़ के पश्चात्, एक मनोवैज्ञानिक ने 120 प्रतिभागियों का साक्षात्कार किया जिससे कि घटना के मनोवैज्ञानिक परिणामों या प्रभावों को समझा जा सके । यह किसका उदाहरण है ?

(A) घटना पश्चात् क्षेत्रीय शोध
(B) क्षेत्रीय प्रयोग
(C) नियन्त्रित प्रयोग
(D) मनोमिति शोध

**16.** Match the following List – I with List – II and indicate your answer using codes given below :

| List – I (Parts of the Eye) | List – II (Descriptions) |
|---|---|
| p. Rods and Cones | 1. Stable and unique in individual and can be used for identification better than finger prints. |
| q. Iris | 2. Photoreceptors in retina |
| r. Ciliary muscles | 3. The optic disc where optic nerve fibers leave the eye enroute to the brain |
| s. Blind spot | 4. Control its curvature which varies depending on the distance of the object focussed. |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**17.** Match List – I with List – II and indicate your answer using codes given below :

| List – I (Visual variables) | List – II (Explanations) |
|---|---|
| p. Colour | 1. The effect of intensity of light on the observer |
| q. Illuminance | 2. The intensity of light reflected from an illuminated surface. |
| r. Luminance | 3. The amount of incident light. |
| s. Brightness | 4. The subjective or psychological effect that different wave-lengths of light on the observer |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**18.** Given below are the three types psychological investigations : (1) Field experiments, (2) Laboratory experiments, and (3) Ex post facto field studies. If the above investigations are arranged in descending order in terms of researcher's ability to control secondary variance, the typical order would be

(A) 2, 1, 3 (B) 3, 1, 2
(C) 2, 3, 1 (D) 3, 2, 1

**19.** What is the correct sequence of events for hunger motivation ? Indicate your answer using the codes given below :

1. Energy level to its set point
2. A bout of eating
3. Presence of an energy deficit
4. Satiation
5. Hunger

**Codes :**

(A) 1, 2, 3, 4, 5 (B) 3, 5, 2, 1, 4
(C) 2, 1, 3, 5, 4 (D) 5, 4, 3, 1, 2

**20.** Persons high in achievement motivation tend to prefer tasks that are _____.

(A) very easy
(B) extremely difficult
(C) moderately difficult
(D) all types of task

**21.** Match List – I with List – II and indicate your answer with the help of the codes given below :

| List – I (Definition) | List – II (Memory system) |
|---|---|
| p. Memory for factual information that we acquired at a specific time | 1. Procedural memory |
| q. memory for general, abstract knowledge that we cannot remember acquiring at a specific time | 2. Episodic memory |
| r. Memory for information necessary to perform skilled motor activity | 3. Autobio-graphcial memory |
| s. Memory for events in our own life | 4. Semantic memory |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 4 |

prepp Your Personal Exams Guide

16. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिये कोडों की सहायता से अपना उत्तर दीजिये :

| **सूची – I (नेत्र के भाग)** | **सूची – II (विवरण)** |
|---|---|
| p. दंड एवं शंकु | 1. व्यक्ति में स्थिर एवं अनूठे होते हैं और पहचान के लिये अंगुली छाप से बेहतर उपयोग किये जा सकते हैं । |
| q. आइरिस | 2. रैटिना में फोटोरिसेप्टर्स |
| r. पक्ष्माभिकी पेशी | 3. अक्षि-चक्रिका जहाँ दृक तंत्रिका रेशे मस्तिष्क जाने के लिये नेत्र को छोड़ते हैं । |
| s. अंधस्थल | 4. उसकी वक्रता को नियन्त्रित करता है जो कि फोकस किये जाने वाले वस्तु की दूरी के आधार पर परिवर्तित होती है । |

**कोड :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

17. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (दृष्टिमूलक चर)** | **सूची – II (व्याख्या)** |
|---|---|
| p. वर्ण | 1. प्रेक्षक पर प्रकाश की तीव्रता का प्रभाव |
| q. प्रदीप्ती | 2. प्रदीप्त सतह से परावर्तित प्रकाश की तीव्रता |
| r. ज्योतिर्मयता | 3. आपतित प्रकाश की मात्रा |
| s. प्रकाश का तेज (ब्राइटनैस) | 4. प्रेक्षक पर पड़ने वाले प्रकाश की भिन्न तरंग दीर्घताओं का व्यक्तिपरक अथवा मनोवैज्ञानिक प्रभाव |

**कोड :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

18. तीन प्रकार के मनोवैज्ञानिक अनुसंधान नीचे दिये गये हैं (1) क्षेत्रीय प्रयोग, (2) प्रयोगशाला प्रयोग और (3) घटनापश्चात् क्षेत्रीय अध्ययन । यदि उपर्युक्त अनुसंधानों को, शोधकर्ता की गौण प्रसरण को नियन्त्रित करने की क्षमता के सम्बन्ध में अधोगामी क्रम में व्यवस्थित किया जाता है तो प्रारूपिक क्रम क्या होगा ?

(A) 2, 1, 3
(B) 3, 1, 2
(C) 2, 3, 1
(D) 3, 2, 1

19. क्षुधा के अभिप्रेरण के लिये घटनाओं का सही अनुक्रम क्या है ? नीचे दिये कोडों की सहायता से अपना उत्तर बताइये :

1. ऊर्जा के स्तर का अपने निर्धारित स्तर तक होना
2. खाने का एक दौर
3. ऊर्जा की कमी का होना
4. तृप्ति
5. भूख

**कोड :**

(A) 1, 2, 3, 4, 5
(B) 3, 5, 2, 1, 4
(C) 2, 1, 3, 5, 4
(D) 5, 4, 3, 1, 2

20. जिन व्यक्तियों में उपलब्धि की अभिप्रेरणा अधिक होती है वे लोग किस प्रकार का कार्य करना पसन्द करते हैं ?

(A) बहुत आसान
(B) अत्यन्त कठिन
(C) औसत रूप से कठिन
(D) सभी प्रकार के काम

21. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कोडों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (परिभाषा)** | **सूची – II (स्मृति तंत्र)** |
|---|---|
| p. एक विशिष्ट समय पर अर्जित तथ्यात्मक सूचना की स्मृति | 1. प्रक्रियात्मक स्मृति |
| q. सामान्य, अमूर्त ज्ञान की स्मृति जो कि हम एक विशिष्ट समय पर अर्जित करना याद नहीं कर सकते हैं । | 2. उपख्यानात्मक स्मृति |
| r. कौशल युक्त चालक गतिविधि सम्पन्न करने के लिये आवश्यक जानकारी के लिये स्मृति | 3. आत्मकथात्मक स्मृति |
| s. हमारे खुद के जीवन में घटनाओं की स्मृति | 4. शब्दार्थ स्मृति |

**कोड :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 4 |

prepp
Your Personal Exams Guide

22. Match the List – I with List – II and indicate your answer with the help of codes given below :

| List – I (Phenomenon) | | List – II (Psychologist) | |
|---|---|---|---|
| p. | Observational learning | 1. | Skinner |
| q. | Cognitive Map | 2. | Vygotsky |
| r. | Association of different stimuli | 3. | Bandura |
| s. | Learning pulls to cognitive development | 4. | Pavlov |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 2 | 3 | 1 | 4 |

23. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** The minimum flicker rate of a light source that results in a perceptual shift from apparent flicker to apparent steady continuous light is known as Critical Flicker Frequency (CFF).

**Reason (R) :** The CFF marks the border between seeing flicker and seeing fusion.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

24. A person rattles the box of dog's biscuits before giving the biscuit to dog. As the person rattles the box the dog begins to salivate. Thus rattling of box is _____; and the salivation of dog is a kind of _______.

(A) CS ; CR (B) CS ; UCR
(C) UCS ; CR (D) UCS ; UCR

25. In operant conditioning a schedule of reinforcement that reinforces a response at unpredictable time intervals is the case of

(A) Fixed – ratio schedule
(B) Variable – ratio schedule
(C) Fixed – interval schedule
(D) Variable – interval schedule

26. Read each of the following two statements Assertion (A) and Reason(R) and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** Learning refers to the modification of behaviour as a result of past experience.

**Reason (R) :** Experience is achieved through observation.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (R) is true, but (A) is false.

27. A person had a blue car that was in the shop more than it was out. Since then the person could not think of owning a blue or green coloured car. The person's aversion even to green cars is an example of

(A) Discrimination
(B) Generalization
(C) Latent learning
(D) The overjustification effect

28. Which of the following best describes the serial position curve ?

(A) Greater accuracy of recall of words in the beginning of the list and in the middle of the list.
(B) Greater accuracy of recall of words in the beginning of the list and gradual diminished accuracy by the end of the list.
(C) Greater accuracy of recall of words in beginning and at end of the list.
(D) Greater accuracy of recall of words in the middle and at the end of the list.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**22.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कोडों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (घटना)** | **सूची – II (मनोवैज्ञानिक)** |
|---|---|
| p. प्रेक्षण अधिगम | 1. स्किन्नर |
| q. संज्ञानात्मक मानचित्र | 2. वायगॉट्स्की |
| r. भिन्न उद्दीपनों का साहचर्य | 3. बण्डुरा |
| s. अधिगम संज्ञानात्मक विकास की ओर लेकर जाती है । | 4. पावलॉव |

**कोड :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**23.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, पहले को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये कोडों की सहायता से अपना उत्तर बताइये :

**अभिकथन** (A) : प्रकाश स्रोत की न्यूनतम टिमटिमाहट दर जो कि प्रत्यक्ष टिमटिमाहट से प्रत्यक्ष नियमित सतत प्रकाश तक बोधात्मक परिवर्तन में परिणत होती है क्रिटीकल फ्लिकर फ्रिक्वेंसी (क्रान्तिक टिमटिमाहट आवृत्ति) कहलाती है ।

**तर्क** (R) : क्रिटीकल फ्लिकर फ्रिक्वेंसी टिमटिमाहट को देखना और विलयन को देखने के बीच सीमा को चिन्हित करता है ।

**कोड** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**24.** एक व्यक्ति कुत्ते को बिस्कुट देने से पहले बिस्कुटों के बॉक्स को खड़खड़ाता है । जब व्यक्ति बॉक्स को खड़खड़ाता है तो कुत्ता लार टपकाने लगता है । अत: बॉक्स का खड़खड़ाना ________ है, और कुत्ते का लार टपकाना एक प्रकार का ________ है ।

(A) CS ; CR (B) CS ; UCR
(C) UCS ; CR (D) UCS ; UCR

**25.** क्रियाप्रसूत अनुबंधन में पुनर्बलीकरण की अनुसूची जो अनुक्रिया को अपूर्वानुमेय समय अन्तरालों पर पुनर्बलित करती है, किसके साथ सम्बन्धित है ?

(A) स्थिर अनुपात अनुसूची
(B) परिवर्ती अनुपात अनुसूची
(C) स्थिर अंतराल अनुसूची
(D) परिवर्ती अंतराल अनुसूची

**26.** निम्नलिखित कथनों, अभिकथन (A) और तर्क (R) में से प्रत्येक को पढ़िए और नीचे दिये कोडों की सहायता से अपना उत्तर बताइये ।

**अभिकथन** (A) : अधिगम से तात्पर्य पिछले अनुभव के फलस्वरूप व्यवहार में होने वाले परिवर्तन से है ।

**तर्क** (R) : प्रेक्षण के माध्यम से अनुभव प्राप्त होता है ।

**कोड** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (R) सत्य है, परन्तु (A) असत्य है ।

**27.** एक व्यक्ति के पास नीली कार थी जो कि दुकान में ज्यादा थी बजाय बाहर के । तब से वह व्यक्ति नीली या हरे रंग की कार रखने की सोचेगा भी नहीं । हरे रंग की कारों के प्रति व्यक्ति की विरुचि निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है ?

(A) भेदभाव या विभेदीकरण
(B) सामान्यीकरण
(C) अव्यक्त अधिगम
(D) अति औचित्य स्थापन प्रभाव

**28.** क्रमिक पोज़ीशन वक्रता को कौन सर्वोचित परिभाषित करता है ?

(A) सूची के प्रारम्भ में और सूची के मध्य में शब्दों को याद करने की वृहदतर परिशुद्धता
(B) सूची के प्रारम्भ में शब्दों को याद करने में वृहदतर परिशुद्धता और सूची के अन्त में धीरे-धीरे ह्रासमान परिशुद्धता
(C) सूची के प्रारम्भ में और अन्त में शब्दों को याद करने की वृहदतर परिशुद्धता
(D) सूची के मध्य और अन्त में शब्दों को याद करने में वृहदतर परिशुद्धता

prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** The degree to which construct system allows new information to enter that will allow construct system to change is called
(A) Individual Corollary
(B) Permeability
(C) Loose construing
(D) Constructive Alternativism

**30.** Who among the following has developed a test for personality assessment where the subject has to choose between a pair of jokes ?
(A) McCafe (B) McCall
(C) J.M. Cattell (D) R.B. Cattell

**31.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Indicate your answer using the codes given below :
**Assertion (A) :** Working memory can hold a large amount of information even though it can retain only seven to nine items.
**Reason (R) :** Items in working memory contain several separate bits of information grouped together called chunks.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**32.** Who has emphasized the linguistic relativity hypothesis ?
(A) Noam Chomsky
(B) Jean Piaget
(C) Steven Pinker
(D) Whorf B.L.

**33.** Telegraphic speech is typical of the ______ stage.
(A) Babbling (B) One-word
(C) Two-word (D) Three-word

**34.** The sentence "Blue Jeans wear false smiles" has correct _____ but incorrect _______.
(A) Morphemes; phonemes
(B) Phonemes; morphemes
(C) Semantics ; syntax
(D) Syntax ; semantics

**35.** Read the following statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) and indicate your answer by using the codes given below :
**Assertion (A) :** In deduction, conclusion is derived from a premise.
**Reason (R) :** People reason by using deduction as well as induction.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the true explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is correct, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is correct.

**36.** Match the List – I with List – II and indicate your answer with the help of codes given below :

| | **List – I (Phenomenon)** | | **List – II (Psychological name)** |
|---|---|---|---|
| p. | Smallest unit that carries meaning | 1. | Grammer |
| q. | Rules to communicate and understand others | 2. | Semantics |
| r. | Rules for desiring meanings | 3. | Morphemes |
| s. | Rules for combining words | 4. | Syntax |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**37.** Three types of feature detector cells are
(A) Simple cells, Glial cells, T-cells
(B) Simple cells, Complex cells, Glial cells
(C) Sensory cells, Hyper complex cells, T-cells
(D) Simple cells, Complex cells, Hyper complex cells

**29.** संप्रत्यय पद्धति जिस डिग्री तक नवीन सूचना को प्रवेश करने देती है जो संप्रत्यय पद्धति को परिवर्तित होने देगी क्या कहलाती है ?
(A) व्यक्तिगत उपसिद्धान्त
(B) पारगम्यता
(C) शिथिल अनुमान
(D) संरचनात्मक विकल्पवाद

**30.** निम्नलिखित में से किसने व्यक्तित्व के आकलन के लिये परीक्षण विकसित किया है जहाँ प्रयोज्य को चुटकलों के जोड़े में से चुनना होता है ?
(A) मैक्कैफे (B) मैक्कॉल
(C) जे.एम. कैट्टेल (D) आर.बी. कैट्टेल

**31.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, पहले को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये कोडों की सहायता से अपना उत्तर बताइये :
**अभिकथन (A)** : कार्यकारी स्मृति, यद्यपि केवल सात से नौं मदों को ही सुरक्षित रख सकती है, सूचना की बड़ी मात्रा को प्रतिधारित कर सकती है ।
**तर्क (R)** : कार्यकारी स्मृति में मदों में सूचना के बहुत से पृथक अंश सूचना के इकट्ठे समुहित होते हैं जिन्हें खंड कहते हैं ।
**कोड** :
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**32.** भाषाई सापेक्षता परिकल्पना पर किसने जोर दिया है ?
(A) नोम चोम्स्की (B) जीन पियाजे
(C) स्टीवन पिंकर (D) वॉर्फ बी.एल.

**33.** टैलिग्राफिक स्पीच किस अवस्था के प्रारूपिक है ?
(A) तुतलाना (B) एक-शब्द
(C) दो-शब्द (D) तीन-शब्द

**34.** "ब्लू जीन्स वियर फॉल्स स्माइल्स" इस वाक्य में सही _______ है परन्तु ______ गलत है ।
(A) रूपिम ; स्वनिम
(B) स्वनिम ; रूपिम
(C) अर्थविज्ञान ; वाक्यविन्यास
(D) वाक्यविन्यास ; अर्थविज्ञान

**35.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, पहले को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये कोडों की सहायता से अपना उत्तर बताइये ।
**अभिकथन (A)** : निगमन में, निष्कर्ष की व्युत्पत्ति साध्य वाक्य से होती है ।
**तर्क (R)** : लोग आगमन एवं निगमन दोनों का उपयोग करते हुए तर्क करते हैं ।
**कोड** :
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**36.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कोडों से अपना उत्तर बताइये :

| | **सूची – I (परिघटना)** | | **सूची – II (मनोवैज्ञानिक नाम)** |
|---|---|---|---|
| p. | सबसे छोटी इकाई जो अर्थ लिये रहती है । | 1. | व्याकरण |
| q. | दूसरों के साथ बातचीत करने एवं उन्हें समझने के नियम | 2. | अर्थविज्ञान |
| r. | अर्थ निकालने के लिये नियम | 3. | रूपिम |
| s. | शब्दों के संयोजन के लिये नियम | 4. | वाक्यविन्यास |

**कोड :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**37.** रूप संसूचक कोशिकाओं के तीन प्रकार हैं
(A) सरल कोशिकाएँ, ग्लायल कोशिकाएँ, T - कोशिकाएँ
(B) सरल कोशिकाएँ, जटिल कोशिकाएँ, ग्लायल कोशिकाएँ
(C) संवेदी कोशिकाएँ, अति जटिल कोशिकाएँ, T - कोशिकाएँ
(D) सरल कोशिकाएँ, जटिल कोशिकाएँ, अति जटिल कोशिकाएँ

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**38.** Read the following two statements, Assertion (A) and Reason (R) and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** Sleep fulfills a critical biological function.

**Reason (R) :** Sleep is required to restore the homeostatis.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is false, but (R) is true.

(D) (A) is true, but (R) is false.

**39.** Choose the odd one for pattern of sympathetic activation during emotions :

(A) Increased heart rate

(B) Pupil constriction

(C) Lowered skin resistance

(D) Increased breathing rate

**40.** Out of following who has not divided intelligence into two general components ?

(A) Cattell J.M. (B) Jensen

(C) Hebb (D) Thurstone

**41.** Number of different factors as specified by Spearman to explain the performance on some tests :

(A) One 's' factor and many 'g' factors.

(B) Many 's' factors and many 'g' factors.

(C) One 's' factor and one 'g' factor.

(D) Many 's' factors and one 'g' factor.

**42.** Which set of three approaches is more relevant to study the impact of Genetic factors on intelligence ?

1. Correlation between siblings
2. Correlation between identical twins reared apart.
3. Adopted child studies.
4. Correlation between parents and children.

**Codes :**

(A) 1, 2 and 3 (B) 2, 3 and 4

(C) 1, 2 and 4 (D) 1, 3 and 4

**43.** Match List – I with List – II and indicate your answer with the help of codes given below :

| **List – I (Psychologist)** | **List – II (Concept)** |
|---|---|
| p. Adler | 1. Basic anxiety |
| q. Bandura | 2. Triadic Reciprocal causation |
| r. Jung | 3. Fictional Finalism |
| s. Horney | 4. Principle of Equivalence |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (B) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**44.** Researchers have found different ways in which an individual's genotype shapes his or her environment. Which of the following is NOT one of them ?

(A) The genotype has a passive effect on environment resulting from genetic similarity between parents and children.

(B) The child's genotype evokes particular kinds of reactions from social and physical environment.

(C) The child's genotype plays an active role in shaping the environment.

(D) People with different genotypes are differentially sensitive or susceptible to their environment.

**45.** Match List – I with List – II and indicate your answer using the codes given below :

| **List – I (Types of Variable)** | **List – II (Example)** |
|---|---|
| p. Continuous | 1. Selection test outcome in terms of selected/ rejected |
| q. Real discrete | 2. Voice pitch |
| r. Artificially discrete | 3. Intelligence |
| s. Qualitative | 4. Gender |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**38.** नीचे दिये गये दो कथन अभिकथन (A) और तर्क (R) को पढ़िये और नीचे दिये कोडों की सहायता से अपना उत्तर बताइये :

**अभिकथन** (A) : निद्रा अत्यन्त महत्त्वपूर्ण जैविक प्रकार्य को पूरा करती है ।

**तर्क** (R) : निद्रा समवस्थान की पुन:प्राप्ति के लिये अनिवार्य है ।

**कोड** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

(D) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

**39.** संवेगों के दौरान अनुकम्पी सक्रियण के पैटर्न के लिये निम्नलिखित में से विषम का चयन कीजिये :

(A) हृदय की गति का बढ़ना

(B) पुतली का संकुचन

(C) त्वचा प्रतिरोध का कम होना

(D) श्वास गति का बढ़ना

**40.** निम्नलिखित में से किसने बुद्धि को दो सामान्य संघटकों में विभाजित नहीं किया है ?

(A) कैट्टेल जे. एम. (B) जेन्सन

(C) हेब्ब (D) थर्स्टोन

**41.** कुछ परीक्षणों में निष्पन्नता को स्पष्ट करने के लिये स्पियरमैन द्वारा विशेष रूप से उल्लिखित भिन्न कारकों की संख्या क्या है ?

(A) एक 's' कारक और बहुत से 'g' कारक

(B) बहुत से 's' कारक और बहुत से 'g' कारक

(C) एक 's' कारक और एक 'g' कारक

(D) बहुत से 's' कारक और एक 'g' कारक

**42.** बुद्धि पर जैविक कारकों के प्रभाव का अध्ययन करने के लिये तीन उपागमों का कौन सा समूह ज्यादा प्रासंगिक है ?

1. सहोदरों के बीच सहसम्बन्ध
2. अलग-अलग पाले-पोसे समरूप जुड़वाँ बच्चों के बीच सहसम्बन्ध
3. गोद लिये या दत्तक बच्चे के अध्ययन
4. अभिभावक तथा बच्चों के बीच सहसम्बन्ध

**कोड** :

(A) 1, 2 और 3 (B) 2, 3 और 4

(C) 1, 2 और 4 (D) 1, 3 और 4

**43.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कोडों से अपना उत्तर बताइये :

| | **सूची – I (मनोवैज्ञानिक)** | | **सूची – II (अवधारणा)** |
|---|---|---|---|
| p. | एडलर | 1. | मूलभूत दुश्चिंता |
| q. | बण्डुरा | 2. | त्रिक अन्योन्य कार्योत्पादन |
| r. | युंग | 3. | कल्पित प्रयोजनवाद |
| s. | होर्नी | 4. | समतुल्यता का सिद्धान्त |

**कोड :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (B) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**44.** शोधकर्त्ताओं ने पाया है कि एक व्यक्ति के जीनोप्ररूप उसके वातावरण को भिन्न-भिन्न तरीकों से व्यवस्थित कर सकते हैं । निम्नलिखित में से कौन सा एक उनमें से नहीं है ?

(A) अभिभावक एवं बच्चों के बीच जैविक समरूपता के कारण उत्पन्न वातावरण पर जीनोप्ररूप का निष्क्रिय प्रभाव पड़ता है ।

(B) बच्चे का जीनोप्ररूप सामाजिक तथा भौतिक वातावरण से विशेष प्रकार की प्रतिक्रियाओं को प्रेरित करता है ।

(C) बच्चे का जीनोप्ररूप वातावरण को रूप देने (या गढ़ने) में सक्रिय भूमिका अदा करता है ।

(D) भिन्न-भिन्न जीनोप्ररूप के लोग अपने वातावरण के प्रति भिन्न-भिन्न रूप से संवेदनशील एवं भावप्रवण होते हैं ।

**45.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I (चरों के प्रकार)** | | **सूची – II (उदाहरण)** |
|---|---|---|---|
| p. | सतत | 1. | चयनित/अस्वीकृत रूप में चयन परीक्षण परिणाम |
| q. | वास्तविक विच्छिन्न | 2. | स्वराघात |
| r. | कृत्रिम रूप से विच्छिन्न | 3. | बुद्धि |
| s. | गुणात्मक | 4. | जेंडर |

**कोड :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

prepp Your Personal Exams Guide

**Instructions for Q. 46 to 50 :**

Read the following passage and answer the five questions that follow :

The Classical Test Theory (CTT) assumes that every obtained score is a sum of the true score and the error of measurement. The earlier versions of the CTT, in their reliability conceptualization, ambitiously addressed the random errors of measurement. Accordingly, reliability can be conceptualized as a consistency between the true score and the obtained score. Reliability can be studied through various perspectives. In the test construction phase, internal consistency reliability is given heavy emphasis. Various reliability coefficients such as split-half reliability, Kuder-Richardson reliability, Cronbach alpha etc. have been developed for this purpose. One of the earlier development in CTT is the Spearman-Brown formula. The other important types of reliabilities include test-retest reliability and interscorer reliability.

In addition to reliability, psychologists emphasize test validity. Content validity, concurrent validity, predictive validity, construct validity are some of the important types of validities in psychometric studies. Factor analysis has also been employed in evaluating the test validity. Once the reliability and validity are well established, the test constructor attempts to establish the representative and comprehensive norms.

**46.** Reliability is conceptualized as

(A) $\frac{\text{Obtained vriance}}{\text{True vriance}}$

(B) $\frac{\text{True varaince}}{\text{True varaince + Error variance}}$

(C) $\frac{\text{True variance}}{\text{Error variance}}$

(D) $\frac{\text{Obtained variance}}{\text{Error variance}}$

**47.** Cronbach alpha is

1. larger than split half reliability coefficient
2. smaller than reliability coefficient
3. average of all possible split-half reliability coefficients
4. equal to Kuder-Richardson reliability for dichotomous items

**Codes :**

(A) 1 only (B) 2 only

(C) 3 and 4 only (D) 1 and 4 only

**48.** The interscorer reliability is especially important for

1. Projective tests
2. Achievement tests with short answers
3. Multiple choice tests
4. Judgements by multiple raters

**Codes :**

(A) 1 only

(B) 2 and 3 only

(C) 1 and 4 only

(D) 1, 2 and 4 only

**49.** Consider that a newly developed test for assessing abstract reasoning and a well established test of abstract reasoning are administered to a sample of 350 and a correlation of 0.25, significant at .01 level is obtained. It will be inferred that the new test has

(A) unsatisfactory concurrent validity

(B) satisfactory concurrent validity

(C) unsatisfactory predictive validity

(D) satisfactory predictive validity

**50.** Factor analysis is best suited for studying

(A) Concurrent validity

(B) Predictive Validity

(C) Content validity

(D) Construct validity

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**प्रश्न क्रं. 46 से 50 :**

निम्नलिखित परिच्छेद पढ़िए और नीचे दिए **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

क्लासीकल टेस्ट थ्योरी (CTT) मानती है कि प्रत्येक प्राप्तांक, सत्यांक तथा मापन त्रुटि का योग है । CTT की प्रारम्भिक व्याख्याओं ने अपने विश्वसनीयता प्रत्ययीकरण में मापन की यादृच्छिक त्रुटियों को कई दृष्टिकोणों से सम्बोधित किया है । तदनुसार, विश्वसनीयता का सत्यांक और प्राप्त अंक के बीच संगतता के रूप में प्रत्ययीकरण किया जा सकता है । विश्वसनीयता का विभिन्न परिप्रेक्ष्यों से अध्ययन किया जा सकता है । परीक्षण निर्मिति के चरण में, आन्तरिक संगतता विश्वसनीयता पर भारी बल दिया गया है । विभिन्न विश्वसनीयता गुणांक जैसे कि स्प्लिट-हाफ विश्वसनीयता, कुडर-रिचर्डसन विश्वसनीयता, क्रोनबाश अल्फा इत्यादि इसके लिये विकसित किये गये हैं । CTT में पहले विकसित किया गया एक स्पियरमैन-ब्राऊन फॉर्मूला है । अन्य महत्त्वपूर्ण प्रकार की विश्वसनीयताओं में टेस्ट-रीटेस्ट विश्वसनीयता और इण्टरस्कोरर विश्वसनीयता शामिल है ।

विश्वसनीयता के अतिरिक्त, मनोवैज्ञानिक परीक्षण की वैधता पर जोर देते हैं । विषयवस्तु वैधता, समवर्ती वैधता, पूर्वानुमेय वैधता, कंस्ट्रक्ट (परिकल्पना) वैधता इत्यादि मनोमितिक अध्ययनों में कुछ महत्त्वपूर्ण प्रकार की वैधताएँ हैं । परीक्षण की वैधता का मूल्यांकन करने के लिये कारक विश्लेषण को भी प्रयुक्त किया गया है । विश्वसनीयता तथा वैधता एक बार सुस्थापित हो जाने पर, परीक्षण निर्माता निरूपणीय तथा सर्वांगीण मानकों को स्थापित करता है ।

**46.** विश्वसनीयता का किस रूप में प्रत्ययीकरण किया गया है ?

(A) $\dfrac{\text{प्राप्त प्रसरण}}{\text{सत्य प्रसरण}}$

(B) $\dfrac{\text{सत्य प्रसरण}}{\text{सत्य प्रसरण} + \text{त्रुटि प्रसरण}}$

(C) $\dfrac{\text{सत्य प्रसरण}}{\text{त्रुटि प्रसरण}}$

(D) $\dfrac{\text{प्राप्त प्रसरण}}{\text{त्रुटि प्रसरण}}$

**47.** क्रोनबाश अल्फा

1. स्प्लिट-हॉफ विश्वसनीयता गुणांक से बड़ा होता है ।
2. विश्वसनीयता गुणांक से छोटा होता है ।
3. सभी संभावित स्प्लिट-हॉफ विश्वसनीयता गुणांकों का औसत होता है ।
4. द्विभाजनीय मदों के लिये कुडर-रिचर्डसन विश्वसनीयता के बराबर होता है ।

**कोड** :

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) केवल 3 और 4 (D) केवल 1 और 4

**48.** इंटर-स्कोरर विश्वसनीयता विशेष रूप से किसके लिये महत्त्वपूर्ण है ?

1. प्रक्षेपणीय परीक्षण
2. लघु उत्तरों वाले उपलब्धि परीक्षण
3. बहु विकल्पी परीक्षण
4. बहु कोटि निर्धारकों के निर्णय में

**कोड** :

(A) केवल 1
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1और 4
(D) केवल 1, 2 और 4

**49.** अमूर्त तर्कणा का आकलन करने के लिये मान लीजिये कि नवीन विकसित परीक्षण और अमूर्त तर्कणा का सुस्थापित परीक्षण को 350 के सैम्पल पर प्रयुक्त किया गया और 0.25 का सहसम्बन्ध को .01 स्तर पर सार्थक पाया गया । तो नवीन परीक्षण के लिये क्या अनुमान लगाया जायेगा ?

(A) असन्तोषजनक समवर्ती वैधता
(B) सन्तोषजनक समवर्ती वैधता
(C) असन्तोषजनक पूर्वानुमेय वैधता
(D) सन्तोषजनक पूर्वानुमेय वैधता

**50.** निम्नलिखित में से किसका अध्ययन करने के लिये कारक विश्लेषण सबसे अधिक उपयुक्त है ?

(A) समवर्ती वैधता (B) पूर्वानुमेय वैधता
(C) विषयवस्तु वैधता (D) कंस्ट्रक्ट वैधता

**Space For Rough Work**